# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

# Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

पत्रांक– 2289/VMSBUTU/परीक्षा समिति/2026 दिनांक 24 सितम्बर, 2026

सेवा में,

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- | कुलपति, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून। | – | अध्यक्ष |
| 2- | प्रो0 एच0एल0 मडोरिया, निदेशक, डॉ0ए0पी0जे0ए0के0आई0टी,टनकपुर। | – | सदस्य |
| 3- | प्रो0 वी0के0 बंगा, निदेशक, जी0बी0पी0आई0ई0टी0, पौड़ी। | – | सदस्य |
| 4- | प्रो0एम0के0 पाण्डा, प्रध्यापक, जी0बी0पी0आई0ई0टी0, पौड़ी। | – | सदस्य |
| 5- | प्रो0 वाई0 सिंह, ई0सी0ई0, जी0बी0पी0आई0ई0टी0, पौड़ी। | – | सदस्य |
| 6- | प्रो0 अनुरूद्ध गुप्ता, एम0ई0डी0, बी0टी0के0आई0टी, अल्मोड़ा। | – | सदस्य |
| 7- | प्रो0 अजीत सिंह, सी0एस0ई0, बी0टी0के0आई0टी, अल्मोडा। | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 8- | कुलसचिव, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून। | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 9- | डॉ0 शरद प्रधान, निदेशक, टी0एच0डी0सी0 आई0एच0टी0 नई टिहरी एवं डब्लू0आई0टी0, देहरादून। | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 10- | डा0 स्वाती सिंह राजपूत, ओ0एस0डी0 परीक्षा, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून। | | |
| 11- | परीक्षा नियंत्रक, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून। | – | सदस्य सचिव |

**विषय– दिनांक 22.09.2026 को आहूत हुई परीक्षा समिति की की 44 वीं ऑफलाइन/ऑनलाइन बैठक के कार्यवृत्त के प्रेषण के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक दिनांक 22.09.2026 को विश्वविद्यालय की 44 वीं परीक्षा समिति की बैठक मा0 कुलपति, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। परीक्षा समिति की उक्त बैठक का कार्यवृत्त (विनिश्चय) आपके आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार**

भवदीय,

(डॉ0 एस0के0 गोयल)
परीक्षा नियंत्रक

संख्या व दिनांक तदैव–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेशितः–

1. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
4. परीक्षा समिति के सम्मानित एवं आमंत्रित सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।
5. वेबमास्टर, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड हेतु प्रेषित।
6. यू0एम0एस0, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

डॉ0 एस0के0 गोयल)
परीक्षा नियंत्रक

Scanned with CamScanner

## वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून की दिनांक 22.09.2026 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की 44 वीं बैठक का कार्यवृत्त

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून की परीक्षा समिति की दिनांक 22.09.2026 को सम्पन्न 44 वीं बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 तृप्ता ठाकुर, कुलपति, वी0मा0सिं0भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 एच0एल0 मंदोरिया, निदेशक, डॉ0ए0पी0जे0ए0के0आई0टी,टनकपुर | – | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 3. | प्रो0 वी0के0 बंगा, निदेशक,, जी0बी0पी0आई0ई0टी0, पौड़ी | – | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 4. | प्रो0एम0के0 पाण्डा, प्रध्यापक, जी0बी0पी0आई0ई0टी0, पौड़ी | – | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 5. | प्रो0 वाई0 सिंह, ई0सी0ई0, जी0बी0पी0आई0ई0टी0, पौड़ी | – | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 6. | प्रो0 अजीत सिंह, सी0एस0ई0, बी0टी0के0आई0टी, द्वारहाट अल्मोडा | – | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 7. | प्रो0 अनुरूद्ध गुप्ता, एम0ई0डी0, बी0टी0के0आई0टी, द्वारहाट अल्मोडा | – | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 8. | कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय देहरादून | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 9. | परीक्षा नियंत्रक, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून | – | सदस्य सचिव |
| 10. | डॉ0 शरद प्रधान, निदेशक, टी0एच0डी0सी0, आई0एच0टी0, नई टिहरी एवं डब्लू0 आई0टी0, देहरादून | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 11. | डॉ0 स्वाती सिंह राजपूत, ओ0एस0डी0, परीक्षा, वी0मा0सिं0 भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून | – | विशेष आमंत्रित सदस्य |

बैठक प्रारम्भ होने से परीक्षा नियंत्रक द्वारा मा0 कुलपति महोदया/अध्यक्ष, परीक्षा समिति सहित समिति के सभी सदस्यों एवं आमंत्रित सदस्यों का स्वागत किया गया जिसके उपरान्त कुलपति महोदया के सूक्ष्म सम्बोधन के साथ बैठक प्रारम्भ की गयी।

**बिन्दु संख्या–43–01** **परीक्षा समिति की 43 वीं बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि।**

**विनिश्चय–** परीक्षा समिति द्वारा दिनांक 15.06.2026 का सम्पन्न परीक्षा समिति की 43 वीं बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–43–02–** **परीक्षा समिति की 43 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

**विनिश्चय–** परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा समिति की 43 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

**बिन्दु संख्या–44–03–** **स्पेशल बैक पेपर की प्रयोगात्मक एवं सैद्धान्तिक (Theory) परीक्षायें माह अक्टूबर 2026 में कराये जाने पर चर्चा एवं निर्णय।**

**विनिश्चय–** परीक्षा नियंत्रक द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा विगत में प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में पास आउट छात्रों हेतु स्पेशल बैक पेपर की प्रयोगात्मक एवं सैद्धान्तिक परीक्षा सम्पन्न की जाती रही है। वर्तमान सत्र 2025–26 के अन्तिम वर्ष में पास आउट एवं ऐसे पूर्ववर्ती छात्रों जिनकी विश्वविद्यालय के ऑर्डिनेन्स के अनुसार निर्धारित अधिकतम समय सीमा अभी शेष है तथा उनके कुछ पाठ्यक्रम/विषय रिपीट है, और उक्त पाठ्यक्रम/विषयों को उत्तीर्ण करने के उपरान्त उनकी उपाधि पूर्ण हो जायेगी, उन्हें भी स्पेशल बैक परीक्षा में सम्मलित होने का अवसर प्रदान किये जाने हेतु समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–44–04** **समर सेमेस्टर परीक्षा माह अक्टूबर में कराये पर चर्चा एवं निर्णय।**

**विनिश्चय–** परीक्षा नियंत्रक द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में प्रभावी आर्डिनेन्स के अनुसार विगत में भी समर सेमेस्टर परीक्षा सम्पन्न की गयी है। पूर्व की भॉति विश्वविद्यालय में प्रचलित ऑर्डिनेन्स में इस सत्र में समर सेमेस्टर की परीक्षा माह अक्टूबर में कराये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। उक्त परीक्षा में लगभग 110 छात्र/छात्राये सम्मलित होंगे। समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त छात्र हित में परीक्षा परिणाम यथाशीध्र घोषित किये जाने का प्रयास किया जाय।



Scanned with CamScanner

बिन्दुसंख्या–44–05– **स्पेशल बैक पेपर एवं समर सेमेस्टर परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों पर चर्चा एवं निर्णय।**

विनिश्चय– विश्वविद्यालय द्वारा स्पेशल बैक पेपर एवं समर सेमेस्टर परीक्षा –2025–26 की परीक्षा हेतु परीक्षा केन्दों एवं नोडल सेन्टर का निर्धारण किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को मा0 कुलपति महोदया की सहमति के उपरान्त अधिकृत किया गया एंव समिति द्वारा 03 नोडल सेन्टर (एक कुमाऊ जोन, देहरादून जोन एवं रूडकी हरिद्वार जोन) बनाये जाने एवं इसके अतिरिक्त विश्वविद्याल के कैंपस कॉलेज मे निर्धारित परीक्षा केन्द्र पूर्व की भाँति किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–44–06 **स्पेशल बैक पेपर एवं समर सेमेस्टर परीक्षा संचालन हेतु केन्द्र अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों, परीक्षकों, प्रश्न पत्र निर्माण, उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन आदि हेतु शिक्षकों एवं अधिकारियों की नियुक्ति पर विचार।**

विनिश्चय– विश्वविद्यालय द्वारा स्पेशल बैक पेपर एंव समर सेमस्टर परीक्षा–2025–26 हेतु माह अक्टूबर, 2026 से प्रस्तावित है। स्पेशल बैक पेपर एंव समर सेमस्टर परीक्षा संचालन हेतु पर्यवेक्षक, केन्द्र अधीक्षक, परीक्षकों, उड़न दस्ता आदि दायित्वों हेतु शिक्षकों एवं अधिकारियों को नियुक्त किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक द्वारा मा0 कुलपति महोदया से अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा एवं समिति की अनुशंसा के अनुसार प्रश्न पत्रों को समय से सम्बन्धित विषय के योग्य एंव अनुभवी शिक्षकों से तैयार करवाये जाने हेतु समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–44–7– **सम सेमेस्टर 2025–26 की उत्तर पुस्तिकाओं के पुर्नमूल्यांकन में संसोधन हेतु चर्चा एवं निर्णय।**

विनिश्चय– सम सेमेस्टर –2025–26 की उत्तर पुस्तिकाओं का पुर्नमूल्यांकन हेतु गत में दो विषय–विशेषज्ञों कराने की व्यवस्था प्रचलित थी। कतिपय विषय–विशेषज्ञों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं में पूर्नमूल्यांकन के उपरान्त अंकों में 20 % से अधिक अन्तर होने के कारण तृतीय विषय–विशेषज्ञ से पुर्नमूल्यांकन कराया जाता है उसके उपरान्त तीनों विषय–विशेषज्ञों के द्वारा दिये गये अकों का औसत के बाद अंक प्रदान किया जाता है। विश्वविद्यालय यह प्रस्ताव है कि उक्त तीनों विषय–विशेषज्ञों द्वारा दिये गये अंकों में जो दो विषय–विशेषज्ञों द्वारा दिये गये उच्च अकों का औसत के अनुसार अंक प्रदान किये जाने हेतु समिति द्वारा Best of Two का Avreag पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–44–08– **सम सेमेस्टर 2025–26 की परीक्षाओं का डिजिटल मूल्यांकन कर परीक्षाफल घोषित पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

विनिश्चय– सम सेमेस्टर 2025–26 की परीक्षाओं का डिजिटल मूल्यांकन पूंर्ण होने के उपरान्त परीक्षाफल घोषित किया जा चुका है, समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्या–44–09–

**Re-Admission एवं Ex-Student प्रमोशन (बी0टैक0 आर्डिनेन्स में संसोधन) Other Cousrs- BHMCT, MBA, MBA Intergeted , LLB, BALLB, BBALLB में Re- Admission एवं Ex-Student छात्रों के प्रमोशन हेतु बी0टैक0 के भॉति लागू किये जाने पर चर्चा।**

विनिश्चय– विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यकम BHMCT, MBA, MBA Intergeted , LLB, BALLB, BBALLB में Re-Admission एवं Ex Student प्रमोशन बी0टैक0 आर्डिनेन्स की भॉति संशोधन का प्रस्ताव पर समिति द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय में अन्य पाठ्यक्रम भी हों उनमे भी लागू किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।



Scanned with CamScanner

**बिन्दु संख्या–44–10–** **विषम सेमेस्टर परीक्षा 2025–26 में Short Attendance के कारण 22 छात्रों के परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु चर्चा एवं निर्णय।**

**विनिश्चय–** विषम सेमेस्टर परीक्षा 2025–26 में Short Attendance के कारण 22 छात्रों का परीक्षाफल घोषित किये जाने हेतु समिति को अवगत कराया गया कि 13 छात्रों ने परीक्षा ही नही दी एवं शेष 09 छात्रों की उपस्थिति का सत्यापन संस्थान द्वारा नही कराया गया। अतः इन्हे डिटेन्ट/अनुपस्थित दर्शा कर परीक्षाफल घोषित करने हेतु समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–44–11–** **पी0सी0आई0 आर्डिनेन्स छात्र हित एवं पाठ्यक्रम में एकरूपता बनाये रखने के दृष्टिगत नवीन पी0सी0आई0 आर्डिनेन्स तथा बैकलॉक से सम्बन्धित संसोधित प्रावधानों को शैक्षणिक सत्र 2026–27 से लागू करने एवं पूर्व के सत्रों में भी प्रभावी करने पर चर्चा एवं निर्णय।**

**विनिश्चय–** पी0सी0आई0 आर्डिनेन्स छात्र हित एवं पाठ्यक्रम में एकरूपता बनाये रखने के दृष्टिगत नवीन पी0सी0आई0 आर्डिनेन्स तथा बैकलॉक से सम्बन्धित संसोधित प्रावधानों को शैक्षणिक सत्र 2026–27 से लागू करने एवं पूर्व के सत्रों में भी प्रभावी किये जाने हेतु परीक्षा समिति द्वारा अवगत कराया गया है कि जिस समिति द्वारा बी0ओ0एस0 की आख्या विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी गयी है, उसी समिति से पुनः उक्त पी0सी0आई0 पत्र पर विश्लेषण/ जॉच पड़ताल कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–44–12–** **विषम सेमेस्टर 2025–26 में CST-002(Discrete Structure) विषय की 827 उत्तर पुस्तिकाओं को श्री अंकुश कुमार द्वारा गलत मूल्यांकन किया था। विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति की आख्या के अनुसार उक्त उत्तर पुस्तिकाओं का अन्य किसी शिक्षक से पुनः मूल्यांकन कराये जाने की संस्तुति के उपरान्त मा0 कुलपति महोदया का अनुमोदन प्राप्त है। उक्त उत्तर पुस्तिकाओं के पुर्नमूल्यांकन कराये जाने हेतु चर्चा एवं निर्णय।**

**विनिश्चय–** विषम सेमेस्टर 2025–26 में CST-002(Discrete Structure) विषय की 827 उत्तर पुस्तिकाओं को श्री अंकुश कुमार द्वारा गलत मूल्यांकन किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति की आख्या के अनुसार उक्त उत्तर पुस्तिकाओं का अन्य किसी शिक्षक से पुनः मूल्यांकन किये जाने हेतु परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**बिन्दु संख्या–44–13–** **छात्र देवांस रो0न0 251881801026 के बी0ए0एल0एल0बी0 प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

**विनिश्चय–** छात्र देवांस वर्तमान में डी0डी0 लॉ कालेज में पंजीकृत है। छात्र देवांस की तीन माह की उपस्थिति त्रुटिवंश एल0एल0बी0 पाठ्यक्रम में अंकित हो गयी। तदोपरान्त छात्र देवांश रो0न0 251881801026 की उपस्थिति जनवरी माह बी0ए0एल0एल0बी0 में अंकित की गयी । छात्र द्वारा प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा बी0ए0एल0एल0बी0 पाठ्यक्रम में ही सम्पन्न की गयी। छात्र की उपथिति की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण उनका बी0ए0एल0एल0बी0 प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रोक दिया गया। छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए छात्र देवांश रो0न0 251881801026 का प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किये जाने हेतु परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।



Scanned with CamScanner

**बिन्दु संख्या–44–14– सम सेमेस्टर–2025–26 परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग में पकड़े गये छात्रों के प्रकरण पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

विनिश्चय– सम सेमेस्टर–2025–26 में अनुचित साधन में पकड़े गये कुल 93 छात्रों के मामले इस हेतु गठित समिति के माध्यम से निस्तारण के उपरान्त कार्यवाही की सूचना परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। A कैटेगरी–03 छात्र B कैटेगरी में–46 एवं C कैटेगरी में 44 छात्रों के अनुचित साधन प्रयोग के प्रकरणों पर कार्यवाही गठित समिति की संस्तुतियों पर मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त प्रभावी की गई है, जो कि परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**बिन्दु संख्या–44–15– सम सेमेस्टर–2025–26 परीक्षा में जिन छात्र/छात्राओं को अधिकतम अनुमन्य अवधि शैक्षणिक सत्र 2025–26 पूर्ण हो रहा हो उक्त हेतु स्पेशल बैक परीक्षा में समलित किये जाने की अनुमति हेतु चर्चा एंव निर्णय।**

विनिश्चय– वर्तमान में स्पेशल बैक परीक्षा 2025–26 का आयोजन किया जा रहा है, उसमें जो भी छात्र/छात्रायें जिनका अधिकतम अनुमन्य अवधि शैक्षणिक वर्ष 2025–26 में पूर्ण हो चुका है और स्पेशल बैक परीक्षा 2025–26 शैक्षिक सत्र के लिये कराया जा रहा है तो उन छात्र/छात्राओं को अपनी डिग्री पूर्ण करने का अन्तिम अवसर दिये जाने हेतु परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**बिन्दु संख्या–44–16– सम सेमेस्टर–2025–26 परीक्षा में जिन छात्र/छात्राओं को अधिकतम अनुमन्य अवधि शैक्षणिक सत्र 2025–26 पूर्ण हो रहा हो। 02 छात्रों हेतु स्पेशल बैक परीक्षा में समलित किये जाने हेतु चर्चा एंव निर्णय।**

विनिश्चय– यदि बिन्दु संख्या 14 अनुमोदित नही होती है तो Case to Case 2 छात्र जो वास्तविक रूप से दुर्धटना/बीमारी के शिकार हो गये थे उक्त दोनो छात्रों हेतु स्पेशल बैक परीक्षा 2025–26 शैक्षिक सत्र के लिये कराया जा रहा है तो उन छात्र/छात्राओं को अपनी डिग्री पूर्ण करने का अन्तिम अवसर देने हेतु उक्त बिन्दु संख्या 44–15 के अनुसार ही परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**बिन्दु संख्या–44–17– विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में Copy re-evaluation की फीस रू0 3000/–से रू0 2000/– प्रति विषय किये जाने हेतु चर्चा एंव निर्णय।**

विनिश्चय– विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में Copy re-evaluation की फीस रू0 3000/–(तीन हजार) थी। कतिपय् छात्र/छात्रायें द्वारा अर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह पूर्नमूल्यांकन नही करा पाते हैं जिस हेतु पूर्नमल्यांकन की फीस रू0 3000/–से घटाकर रू0 2000/–(दो हजार) प्रति विषय किये जाने हेतु परीक्षा समिति द्वारा अनुमोादन प्रदान किया गया है।

**बिन्दु संख्या–44–18– जगत सिंह बिष्ट राजकीय होटल मैनेजमेन्ट एवं कैटरींग संस्थान, अल्मोडा के द्वारा 03 छात्रों की परीक्षा परिणाम एवं बैक परीक्षा दिये जाने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान किये जाने हेतु चर्चा एवं निर्णय।**



Scanned with CamScanner

**विनिश्चय–** जगत सिंह बिष्ट राजकीय होटल मैनेजमेन्ट एवं कैटरींग संस्थान, अल्मोडा के द्वारा 03 छात्रों 01 श्री प्रवीन कुमार, रोल0न0–140340400014, 02 श्री सुभम सिंह मटेला, रोल0 न0 –160340400017 एवं श्री लोकेश सिंह बजेठा, रोल0न0–170340400015 के प्रकरण पर मा0 कुलपति महोदया के निर्देशानुसार एक समिति का गठन किया गया, समिति द्वारा 10 सितम्बर 2026 को परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी, जिसमें समिति द्वारा अपनी आख्या उपलब्ध करायी गयी, जिसमें श्री लोकेश सिंह बजेठा को उपाधि निर्गत किये जाने की संस्तुति की गयी एवं आगामी विद्या परिषद् की बैठक में अनुमोदन लिया जायेगा। उक्त प्रकरण को परीक्षा समिति अनुमोदन प्रदान किया गया है। एवं आगामी विद्या परिषद् में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

**बिन्दु संख्या–44–19– अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।**

**बिन्दु संख्या–01–** पी0जी0 पाठ्यक्रम (एम0टैक0, एम0फार्म0 एवं एल0एल0एम0) Plagiarism चैक करने हेतु Submission तिथि दिनांक 15.10.2026 पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु संख्या–02–** यदि परीक्षार्थी पूर्व में प्राप्त अंक एवं पुर्नमूल्यांकन प्रक्रिया के उपरान्त निर्धारित अंको से अधिक है, तो परीक्षार्थी के हित मे पूर्व में प्राप्त अधिक अंको को ही मान्य रखते हुये परिणाम घोषित किये जाने हेतु समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्त में परीक्षा समिति की 44 वीं बैठक अध्यक्ष महोदया व सभी सम्मानित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

Smool 24/9/26

**(डॉ0 एस0के0गोयल)**
**परीक्षा नियंत्रक–सचिव**

24/9/26

**(डॉ0 तृप्ता ठाकुर)**
**मा0 कुलपति–अध्यक्ष**

Scanned with CamScanner